ACHIEVING NEW HEIGHTS

**Lords Chloro Alkali Limited**
A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110 024
Phones :+91-11-46865999, 41627937
Fax :+91-11-46865930
Web : www.lordschloro.com
E-mail : contact@lordschloro.com

**Date: 4th February, 2020**

**To,**
**The General Manager,**
**BSE Limited,**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street, Fort,**
**Mumbai 400 001**

**BSE Scrip Code: 500824**

**Sub: Submission of newspaper advertisements as per Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.**

Dear Sir,

Pursuant to the provisions of Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing herewith the copies of the newspaper advertisements published in the English and Hindi newspaper regarding the intimation of the Board meeting.

Kindly take the above in your record.

Yours faithfully
**For Lords Chloro Alkali Limited**

**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

**Encl: a/a**

van Hans Limited
A Government of India Enterprise)

Place: Kolkata

Managing Director

**STL GLOBAL LI**
**CIN: L51909DL1997PL**
STL Global
**Regd. Office : Unit N**
**Block No.1, 1st Floor, Tribhuwan**
**Ishwar Nagar, New Delhi- 1**

**NOTICE**

Notice is hereby given that p Regulations 29 & 47 of the SE Obligations and Disclosure Req Regulations, 2015 as amended fr time the Meeting of the Board of the Company will be held on Wed 12th day of February, 2020 at 11:00 Corporate Office of the Compa No.207-208, Sector-58, Faridab HR in order to discuss, take on approve, inter alia, the Un-Audite Results for the quarter and nine mo on December 31, 2019.

The notice is also available on the website at www.stl-global.com a Stock Exchanges website a www.nseindia.com and www.bseindia.com respectively.

For STL GLOB

Place : Faridabad
Date : 03.02.2020

# LORDS CHLORO ALKALI LIMITED

(CIN : L24117RJ1979PLC002099)
**Regd Office** : SP-460, Matsya Industrial Area, Alwar-301030 (Rajasthan)
**Corp. Office** : A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi-110024
**Phone:** 011-46865999, 41627937; **Fax:** 011-46865930
**Web**: www.lordschloro.com; **E-mail** : contact@lordschloro.com

**NOTICE**

Pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, Notice is hereby given that the Meeting of Board of Directors of the Company will be held on **Wednesday, 12th February, 2020 at 5:30 P.M.** at its Corporate Office at A-264, Ist Floor, Defence Colony, New Delhi - 110024, inter-alia, for consideration, approval and publication of Un-audited Financial Results for the quarter ended on 31st December, 2019.

The said Notice may be accessed on the Company's Website i.e. www.lordschloro.com and may also be accessed at Stock Exchange Website at www.bseindia.com.

**By Order of the Board of Directors**
**For Lords Chloro Alkali Limited**
**Sd/-**
**Dipendra Chaudhary**
**Company Secretary**

**Place:** New Delhi
**Date** : 03.02.2020

**Jeweller Limited**
Off.: C-54, Preet Vihar, Vikas Marg, Delhi-110092
011-49714971, **Website:** www.pcjeweller.com
11-49714972, **E-Mail:** investors@pcjeweller.com
**Identity Number:** L36911DL2005PLC134929

**NOTICE**

nt to Regulation 29 read with Regulation 47 of the Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that a s of the Company will be held on Thursday, February ler and approve the un-audited standalone and the Company for the quarter and nine months ended

e Company's "Code of Conduct to Regulate, Monitor ", Trading Window for trading in the shares of the ed w.e.f. January 1, 2020 and shall remain closed till

Limited website (www.bseindia.com), National Stock te (www.nseindia.com) and also on the Company's der the Investors section.

For **PC Jeweller Limited**
Sd/-
(Vijay Panwar)
**Company Secretary**

### ओआईसी ने ट्रंप की पश्चिम एशिया योजना खारिज की

*जेद्दा (सऊदी अरब), एएफपी। इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) ने पश्चिम एशिया के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की योजना को सोमवार को खारिज कर दिया और अपने 57 सदस्य देशों से इसे लागू नहीं करने में मदद की अपील की। दुनिया भर में 1.5 अरब मुस्लिमों से अधिक का प्रतिनिधित्व करने वाले इस्लामी देशों के विश्व व्यापी संगठन ने एक बयान में कहा कि संगठन "इस अमेरिकी-इजराइली योजना को खारिज करता है" क्योंकि यह फलस्तीनी लोगों की न्यूनतम आकांक्षाओं एवं कानूनी अधिकारों को पूरा नहीं करती और शांति प्रक्रिया के संदर्भ की शंतों के विरुद्ध है।"*

## सार समाचार

### जेपको भर्ती घोटाले में पूर्व प्रधानमंत्री राजा अशरफ सहित सात बरी

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान में लाहौर की एक जवाबदेही अदालत ने सोमवार को गुजरांवाला इलेक्ट्रिक पावर कंपनी (जेपको) में अनियमित भर्ती से संबंधित एक मामले में पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ और सात अन्य को बरी कर दिया। इमरान खान सरकार के हाल में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (नेब) के कानून में संशोधनों के लिए हाल में लाए गए अध्यादेश के बाद श्री राजा और अन्य ने अपने खिलाफ चल रहे मामले को निरस्त करने का अनुरोध किया था जिसे न्यायाधीश अमजद नजीर चौधरी ने स्वीकार कर लिया। नेब ने राजा के खिलाफ 2016 में मामला दर्ज किया था। यह मामला जेपको में गैरकानूनी ढंग से 437 लोगों को नौकरी पर रखे जाने से जुड़ा था। नेब के वकील ने कहा था कि जिन लोगों ने नौकरी के लिए आवेदन भी नहीं या था उन्हें नौकरी दे दी गई। मेरिट को नजरदांज किया गया और राजनीतिक आधार पर नियुक्तियां की गईं। नेब का आरोप था कि भर्तियों में लिखित परीक्षा और आवास प्रमाणपत्र की भी अनदेखी की गई थी। राजा ने बरी होने के बाद अदालत के बाहर मीडिया से बातचीत में कहा कि वह मामले को निरस्त करने का अनुरोध स्वीकार किए जाने से खुश हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) ने अदालतों को हमेशा सम्मान किया है।

### अफगानिस्तान में आतंकवादी सफाया अभियान में आठ मारे

**कुंदुज, शिन्हुआ।** अफगानिस्तान के कुंदुज में आतंकवादियों का सफाया अभियान अभी जारी है और अभी तक आठ आतंकवादी मारे गये हैं। प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता इस्मातुल्लाह मुराडी ने सोमवार को यह जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि रविवार अपराह्न कुंदुज शहर के बाहरी इलाकों में बाग-ए-शिरकत और शिनवारी में यह सफाया अभियान चलाया गया जिसमें अभी तक आठ आतंकवादी मारे गये हैं और दो अन्य घायल हो गये हैं। अधिकारी ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा लगाये गये कुल 15 एंटी पर्सनल और एंटी व्हिकल सुरंग का पता लगाया गया जिसे बाद में निष्क्रिय कर दिया गया। मुराडी ने बताया कि जब तक आतंकवादियों के इलाके से सफाया नहीं किया जाता तब तक अभियान जारी रहेगा।

### अमेरिकी दबाव के बावजूद परमाणु कार्यक्रम जारी रहेगा: ईरान

**तेहरान, शिन्हुआ।** ईरान ने कहा कि अमेरिका के हरसंभव दवाब के बावजूद वह अपने परमाणु कार्यक्रम को और दृढ़ संकल्प के साथ जारी रखेगा। ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन (एईओआई) के प्रवक्ता बेहरूज कमालवंडी ने रविवार को कहा, "अमेरिका मनोवैज्ञानिक तौर पर दवाब बनाना चाहता है लेकिन वास्तिवकता यह है कि वह कभी इसमें सफल नहीं होगा।" अमेरिका ने हाल ही में ईरान पर दबाव बनाने के लिए एईओआई के अध्यक्ष अली अकबर सलेही पर प्रतिबंध लगाए थे जिसको लेकर श्री बहरोज ने कहा, "यह प्रतिबंध बेकार है और इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ने वाला है।" उन्होंने यह भी कहा, "अन्य देशों की नीतियों से ईरान का परमाणु कार्यक्रम प्रभावित नहीं होगा।

# कोरोना पर अमेरिका की प्रतिक्रिया "दहशत" पैदा करने वाली: चीन

**बीजिंग ■ एएफपी**



चीन ने अमेरिका पर कोरोना वायरस को लेकर 'दहशत' पैदा करने का आरोप लगाया है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अमेरिका ने "कोई ठोस सहायता मुहैया नहीं कराई है" और इसे लेकर वह केवल "दहशत" पैदा कर रहा है।

अमेरिका ने गत शुक्रवार को इसे जन स्वास्थ्य आपदा घोषित करते हुए पिछले दो सप्ताह में चीन की यात्रा करने वाले विदेशी नागरिकों के देश में प्रवेश पर अस्थायी प्रतिबंध लगा दिया था।

ये नए प्रतिबंध वायरस की चपेट में आए प्रांत की यात्रा करने वाले अमेरिकी नागरिकों पर भी लागू होंगे। अमेरिका में कोरोना वायरस के आठ मामलों की पुष्टि हुई है।

इस संक्रमण से सर्वाधिक लोगों की मौत हुबेई प्रांत में हुई है। हुबेई की राजधानी वुहान में दिसम्बर में कोरोना वायरस का संक्रमण फैलना शुरू हुआ था और अब यह संक्रमण दुनिया भर में फैल गया है।

सरकारों के चीन से आने वाले लोगों पर तमाम तरीके यात्रा प्रतिबंध लगाने के बावजूद यह संक्रमण 24 से अधिक देशों में फैल चुका है। विश्व स्वास्थ्य संगठन इस पहले ही वैश्विक स्वास्थ्य आपदा घोषित कर चुका है। इसकी चपेट में आने से अब तक 361 लोगों की जान चुकी है और 17,205 मामलों की पुष्टि हुई है। चीन के अलावा फिलिपिन में इससे एक व्यक्ति की जान गई है।

गौरतलब है कि कोरोना वायरस विषाणुओं का एक बड़ा समूह है लेकिन इनमें से केवल छह विषाणु ही लोगों को संक्रमित करते हैं। इसके सामान्य प्रभावों के चलते सर्दी-जुकाम होता है लेकिन 'सिवीयर एक्यूट रेस्पिरेटरी सिंड्रोम' (सार्स) ऐसा कोरोनावायरस है जिसके प्रकोप से 2002-03 में चीन और हांगकांग में करीब 650 लोगों की मौत हो गई थी।

### "तत्काल" मेडिकल मास्क, उपकरणों की जरूरत है : चीन

**बीजिंग, एएफपी।** चीन ने सोमवार को कहा कि घातक कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के मद्देनजर सुरक्षात्मक चिकित्सा उपकरणों की उसे "तत्काल आवश्यकता" है। चीन के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता हुआ चुनयिंग ने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में कहा, " चीन को अभी तत्काल मेडिकल मास्क, रक्षात्मक सूट और सुरक्षा चश्मों की जरूरत है।" उद्योग मंत्रालय के अनुसार पूरी ताकत झोंक देने के के बावजूद चीन के कारखाने प्रतिदिन लगभग दो करोड़ मास्क ही बना पा रहे हैं। चीन में कोरोना वायरस के संक्रमण से मरने वालों की संख्या सोमवार को 360 हो गई और यह आंकड़ा 2002-03 के सार्स संकट में 349 लोगों के मरने के आंकड़े से आगे निकल गया है।

### बांग्लादेश ने चीनी नागरिकों के लिए 'वीजा ऑन अराइवल' रोका

**ढाका ■ भाषा**

बांग्लादेश ने चीनी नागरिकों के लिए 'वीजा ऑन अरावइल' सेवा को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया है और निर्देश जारी किया है कि देश में चल रही परियोजनाओं के लिए चीनी नगारिकों की भर्ती न की जाए।

चीन में घातक कोरोना वायरस फैलने के बाद बांग्लादेश ने यह निर्णय किया है। कोरोना वायरस के कारण चीन में 360 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और 1,7000 से अधिक लोग संक्रमित हुए हैं। यह संक्रमण 25 देशों में फैल चुका है।

'बीडी न्यूज' के मुताबिक, बांग्लादेश के विदेश मंत्री ए के अब्दुल मोमिन ने मीडिया से बातचीत में रविवार को बताया कि सरकार ने बांग्लादेश में रह रहे चीनी नागरिकों से अगले एक महीने तक अवकाश पर नहीं जाने का आग्रह किया है, जबतक कि वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल लागू है।

विदेश मंत्री के हवाले से खबर में कहा गया है, "हमने यह भी आग्रह किया है कि बांग्लादेश में चल रही मौजूदा परियोजनाओं में किसी भी चीनी नागरिक की भर्ती नहीं की जाए।" हालांकि, उन्होंने कहा कि इस कदम का मतलब यह नहीं है कि चीनी नागरिकों को बांग्लादेश के लिए वीजा आवेदन करने से रोक दिया गया है, लेकिन उन्हें आवेदन के साथ एक मेडिकल प्रमाणपत्र भी जमा कराना होगा । मंत्री ने कहा, "यह अस्थायी कदम है। चीनी नागरिक अब भी वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं लेकिन आवेदन के साथ-साथ उन्हें निश्चित तौर पर चिकित्सा प्रमाणपत्र भी जमा कराना होगा।" चीन में फैले कोरोना वायरस के कारण कई देशों ने अस्थायी तौर पर चीनी नागरिकों को वीजा देना बंद कर दिया है। इससे पहले भारत ने भी घातक कोरोना वायरस के आलोक में रविवार को चीनी यात्रियों तथा चीन में रहने वाले विदेशियों के लिए के लिए ई वीजा सुविधा अस्थायी तौर पर निलंबित कर दी।

### ट्रंप के शांति योजना पर सुरक्षा परिषद में होगी चर्चा

**संयुक्त राष्ट्र ■ वार्ता**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अमेरिका के प्रस्तावित पश्चिमी एशिया शांति योजना पर चर्चा करने के लिए 10 फरवरी को बैठक करने का फैसला किया है। राजनयिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास और संयुक्त राष्ट्र में इजरायल के राजदूत डैनी डैनन बैठक में भाग लेंगे।

इजरायल संयुक्त राष्ट्र मिशन द्वारा शनिवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री डैनन वर्तमान में सुरक्षा परिषद में अपने समकक्षों के साथ बैठक कर रहे हैं ताकि अमेरिका-इज़राइल संयुक्त कार्रवाई और विरोध के किसी भी फिलिस्तीन घोषणाओं के समर्थन को रोकने के लिए उनके समर्थन को सूचीबद्ध किया जा सके।



गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने 28 जनवरी को पश्चिमी एशिया में शान्ति योजना का एक प्रस्ताव की घोषणा की थी जिसे उन्होंने 'डील ऑफ़ द सेंचुरी' यानी शताब्दी का समझौता बताया था। इस योजना पर हालांकि अरब लीग के कई नेताओं ने असहमति दर्ज कराई है।

### जिहादियों के हमले में 18 आम लोगों की मौत

**औगाडौगू ■ एएफपी**

उत्तरी बुर्किना फासो में संदिग्ध जिहादियों के हमले में 18 आम नागरिकों की मौत हो गई है। एक सुरक्षा सूत्र ने बताया कि सेनो प्रांत के लाम्दामोल गांव में शनिवार को "मोटरसाइकिलों पर आए सशस्त्र हमलावरों ने स्थानीय निवासियों की हत्या की"। देश के उत्तर में एक सप्ताह पहले भी इसी प्रकार के हमले हुए थे। इससे पहले सोम प्रांत में 25 जनवरी को हुए हमले में 39 आम नागरिक मारे गए थे।

डोरी शहर में एक स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि मारे गए लोगों में प्रमुख नर्स भी शामिल है जो लाम्दामोल गांव की रहने वाली थी। अधिकारी ने बताया कि गांव और आस-पास के इलाके के लोग घबराए हुए हैं और इलाका छोड़कर जा रहे हैं। कर्नल साल्फो काबोरे ने रविवार को कहा, "सुरक्षा बल नर्स के शव को घटनास्थल से लेकर आए ताकि उसे उसके परिवार को सौंपा जा सके।" उन्होंने बताया कि इलाके की सुरक्षा के प्रबंध किए गए हैं ताकि अन्य पीड़ितों का भी अंतिम संस्कार किया जा सके। एक अन्य सुरक्षाकर्मी ने बताया कि जिहादियों ने स्थानीय लोगों से कुछ दिन पहले इलाका खाली करने को कहा था। बुर्किना फासो की सीमा माली और नाइजर से लगती है। दोनों ही देश घातक जिहादी हमलों को काबू करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### ट्रंप पर महाभियोग की अंतिम सुनवाई के लिए बहस शुरू

**वाशिंगटन ■ एएफपी**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग की कार्रवाई के लिए अंतिम बहस सोमवार को शुरू हो गई, जिसमें उनके बरी हो जाने की उम्मीद है। राष्ट्रपति पर अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अमेरिका के मित्र राष्ट्र यूक्रेन पर जो बाइडेन के खिलाफ जांच शुरू करने की घोषणा करने का दबाव बनाने के आरोप में दिसंबर में महाभियोग की कार्रवाई शुरू की गई थी।

बाइडेन आयोवा कॉकस के उम्मीदवारों में शामिल है। कॉकस डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार का चयन करता है और यह चुनावी प्रक्रिया की आधिकारिक शुरुआत होती है।

रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाली अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ महाभियोग मुकदमे के लिए नये गवाहों और दस्तावेजों को पेश करने वाले विपक्षी डेमोक्रेट्स के प्रस्ताव को शुक्रवार को मामूली अंतर से खारिज कर दिया। इसके परिणामस्वरूप सीनेट के अगले सप्ताह की शुरुआत में ट्रम्प को आरोपों से बरी करने की संभावना है। ट्रम्प का चार फरवरी को अपना तीसरा 'स्टेट ऑफ द यूनियन एड्रेस' (दोनों सदनों के संयुक्त सत्र के लिए राष्ट्रपति द्वारा दिया वार्षिक संबोधन) देने का कार्यक्रम है। नये गवाहों को बुलाने के प्रस्ताव को 49 के मुकाबले 51 मतों के मामूली अंतर से गिरा दिया गया।

100 सदस्यीय सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के पास 53 सीटें है और डेमोक्रेट्स के पास 47 सीटें हैं। डेमोक्रेट्स को व्हाइट हाउस से ट्रम्प को हटाने के लिए 67 मतों की आवश्यकता है। प्रतिनिधि सभा में बहुमत रखने वाले डेमोक्रेट्स ने ट्रम्प पर सत्ता का दुरुपयोग करने और कांग्रेस को बाधा पहुंचाने के आरोप में महाभियोग चलाया था।


## आर्थिकी/कंपनियां

# शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई ■ वार्ता**

आम बजट से निराश निवेशकों द्वारा की गयी बिकवाली के बाद सोमवार को शेयर बाजार में कुछ तेजी रही और संसेक्स 13678 अंक तथा निफ्टी 62.20 अंक बढ़कर बंद होने में सफल रहा। हालांकि इस दौरान वैश्विक स्तर से मिश्रित संकेत मिले जिसमें कोरोना वायरस से परेशान चीन के शेयर बाजार में 7.72 प्रतिशत की भारी गिरावट दर्ज की गयी।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक संसेक्स 136.78 अंक बढ़कर 39872.31 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 62.0 अंक चढ़कर 11724.05 अंक पर रहा। इस दौरान मझौली कंपनियों में भारी लिवाली देखी गयी जबकि छोटी कंपनियों में लिवाली सुस्त रही। बीएसई का मिडकैप 1.12 प्रतिशत बढ़कर



15288.92 अंक पर और स्मॉलकैप 62.20 अंक उठकर11724.05अंक पर रहा।

बीएसई का संसेक्स 34 अंकों की गिरावट लेकर 39701.02 अंक पर खुला और शुरूआती कारोबार में ही यह 39563.07 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। इसके बाद शुरू हुयी लिवाली के बल पर यह 40 हजार अंक के स्तर को पार करते हुये 40014.90 अंक के उच्चतम स्तर तक गया। अंत में यह पिछले दिवस के 39735.53 अंक की तुलना में 0.34 प्रतिशत अर्थात 136.78 अंक बढ़कर 39872.31 अंक पर रहा। इसी तरह से एनएसई का निफ्टी गिरावट लेकर 11627.45 अंक पर खुला और बिकवाली के दबाव में यह 11614.50 अंक के निचले स्तर तक उतरा। इसके बाद लिवाली के बल पर यह 11749.85 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा। आखिर में यह पिछले दिवस के 11661.85 अंक की तुलना में 62.20 अंक अर्थात 0.53 प्रतिशत बढ़कर 11724.05 अंक पर रहा। निफ्टी में शामिल कंपनियों में से 28 बढ़त में और 21 गिरावट में रहे जबकि एक में कोई बदलाव नहीं हुआ। बीएसई में कुल 2645 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1494 लाल निशान में और 967 हरे निशान में रहे जबकि 184 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### शंघाई शेयर बाजार आठ प्रतिशत गिरा

**बैंकॉक/शंघाई, एपी/एएफपी।** कोरोना वायरस के 20 से अधिक देशों में फैलने से बढ़ी चिंताओं के बीच चीन का प्रमुख शेयर सूचकांक शांघाई सोमवार करीब आठ प्रतिशत गिर गया। यह चीन के बाजार की पांच साल की सबसे बड़ी गिरावट है। हालांकि चीन के नियामकों ने बाजार को स्थिर करने के लिए कई कदम उठाए हैं। कोरोना वायरस से दुनियाभर में अब तक 360 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है, जबकि रविवार रात तक इससे प्रभावित 17,000 से अधिक लोगों की पहचान की गयी है। इसके तेजी से हो रहे प्रसार का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है। बाजार में निवेशकों के बीच इसे लेकर काफी डर है। चीनी नव वर्ष की सप्ताह भर लंबी छुट्टी के बाद शंघाई शेयर बाजार में सोमवार को भारी गिरावट दिखी। शांघाई कंपोजिट शेयर सूचकांक आठ प्रतिशत तक गिरकर बंद हुआ।

#### बिजनेस सुर्खियां

### सोना स्थिर, चाँदी 600 रुपये फिसली

**नई दिल्ली, वार्ता।** विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में गिरावट के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोना सोमवार को 42,370 रुपये प्रति दस ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर स्थिर रहा जबकि चाँदी 600 रुपये लुढ़ककर 47,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी। लंदन एवं न्यूयॉर्क से मिली जानकारी के अनुसार, सोना हाजिर 14.25 डॉलर टूटकर 1,574.75 डॉलर प्रति औंस रह गया। अप्रैल का अमेरिकी सोना वायदा भी 6.40 डॉलर फिसलकर 1,581.50 डॉलर प्रति औंस बोला गया। बाजार विश्लेषकों ने बताया कि चीनी के केंद्रीय बैंक द्वारा बाजार में अतिरिक्त तरलता झोंकने की घोषणा से सोने पर दबाव रहा और यह चार सप्ताह से उच्चतम स्तर से फिसल गया। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में चाँदी हाजिर भी 0.24 डॉलर लुढ़ककर 17.75 डॉलर प्रति औंस पर आ गयी।

### अशोक लीलैंड की बिक्री 40 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली, भाषा।** हिंदुजा समूह की प्रमुख कंपनी अशोक लीलैंड की कुल वाहन बिक्री जनवरी में 39.9 प्रतिशत घटकर 11,850 इकाई रह गयी। पिछले साल जनवरी में कंपनी ने 19,741 वाहन बेचे थे। शेयर बाजार को दी जानकारी में कंपनी ने बताया कि समीक्षावधि में उसकी कुल घरेलू बिक्री 10,850 वाहन रही। यह पिछले साल जनवरी की 18,533 वाहनों की घरेलू बिक्री से 41.4 प्रतिशत कम है। कंपनी के मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री 6,949 वाहन रही जो पिछले साल जनवरी की 13,663 वाहनों की बिक्री से 49.1 प्रतिशत कम है। इस दौरान कंपनी ने 3,901 हल्के वाणिज्यिक वाहनों की घरेलू बिक्री की।

### सैमसंग का फोल्डेबल फोन गैलेक्सी जेड फ्लिप ऑनलाइन लीक

**सियोल, आईएएनएस।** सैमसंग के आगामी फोल्डेबल क्लैमसेल डिवाइस का एक कथित वीडियो ऑनलाइन वायरल हुआ है, जिसमें फोन का लुक देखा जा सकता है। फोन को गैलेक्सी जेड फ्लिप बताया जा रहा है। दक्षिण कोरिया की कंपनी द्वारा अगले महीने अपना अगला फोल्डिंग फोन लॉन्च होने की संभावना वाली की रिपोर्ट के साथ प्रसिद्ध लीकस्टर बेन गेस्किन ने ट्विटर पर एक छोटी वीडियो क्लिप शेयर की जिसमें गैलेक्सी जेड फ्लिप बताए जा रहे फोन को जानबूझकर दिखाया जा रहा है। द वर्ज की रविवार की रिपोर्ट के अनुसार, फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि यह वीडिया जारी कहां से किया गया था।

### विनिर्माण गतिविधियां आठ साल के उच्चतम स्तर पर

**मुंबई ■ वार्ता**

नये ऑर्डरों, उत्पादन, निर्यात, कच्चे माल की खरीद और रोजगार में वृद्धि के दम पर इस साल जनवरी में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां लगभग आठ साल के उच्चतम स्तर पर पहुँच गयीं। आईएचएस मार्केट के सोमवार को जारी विनिर्माण क्षेत्र का खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) दिसंबर 2019 के 52.7 से बढ़कर गत जनवरी में 55.3 पर पहुंच गया। सूचकांक का 50 से ऊपर रहना गतिविधियों में तेजी और इससे नीचे रहना इसमें गिरावट दिखाता है जबकि सूचकांक का 50 पर रहना स्थिरता का द्योतक है। आईएचएस मार्केट की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि जनवरी में विनिर्माण के उपवर्गों में उपभोक्ता वस्तुओं में सबसे अधिक



तेजी रही। अंतरिम वस्तुओं के उप वर्ग में वृद्धि का क्रम बना रहा जबकि पूँजीगत वस्तुओं के उप वर्ग में तेजी लौट आयी। कई कंपनियों ने बताया कि विपणन की उनकी रणनीति के सफल परिणाम मिले हैं।

निर्यात के ऑर्डरों में नवंबर 2018 के बाद की सबसे बड़ी तेजी रही। एशिया, यूरोप और उत्तरी अमेरिका से सबसे ज्यादा ऑर्डर मिले। मजबूत माँग के कारण कंपनियों ने अपना उत्पादन भी बढ़ाया। उत्पादन में वृद्धि साढ़े सात साल के उच्चतम स्तर पर रही। मजबूत माँग के कारण कंपनियों की इंवेंटरी में भी कमी आयी है। आईएचएस मार्केट की मुख्य अर्थशास्त्री पॉलियाना डी लीमा ने आँकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि कंपनियों को सस्ती लागत का भी फायदा मिला जिससे बिना मूल्य में ज्यादा वृद्धि किये वे उत्पादन बढ़ाने में सक्षम हुये। जनवरी में कारोबारी विश्वास भी बढ़ा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गत जनवरी में छह महीने में पहली बार कच्चे माल और आधे तैयार माल का भंडार बनाने की प्रवृत्ति भी देखी गयी और यह मई 2017 के बाद के उच्चतम स्तर पर रही।

### डेटा सेंटर पार्क में निजी भागीदारी से बेहतर बुनियादी ढांचा मिलेगा

**नई दिल्ली, वार्ता।** आम बजट में देश में डेटा सेंटर पार्क बनाने के प्रस्ताव का स्वागत करते हुये क्रेडिवॉच की संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मेधना सूर्यकुमार ने कहा कि सरकार ने इसके माध्यम से इस क्षेत्र के लिए एक सकारात्मक भावना प्रदर्शित की है। उन्होंने कहा कि इससे डेटा के भंडारण और प्रसार में बेहतर बुनियादी ढांचे की सुविधा मिलेगी। उन्होंने सरकार से डेटा केंद्र स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन पर ध्यान देने की उम्मीद जताते हुये कहा कि इससे फिनटेक को किफायती लागत पर तेजी से अपना प्रसार करने की सुविधा मिलेगी। भारतनेट के एक लाख ग्राम पंचायतों तक विस्तार करने से मिलकर यह देश में डिजिटल प्रसार को काफी बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि बजट में एमएसएमई के लिए विकास को सक्षम करने पर ध्यान देना प्रोत्साहजनक है। टीआरईडीएस के माध्यम से एमएसएमई को इनवॉइस फाइनेंसिंग देने के लिए एनबीएफसी को सक्षम करने से अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने और बीएफएसआई क्षेत्र द्वारा स्वीकार्यता और विश्वास को फैलाने के अवसर बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में कॉरपोरेट बॉन्ड बाजार को चलाने के लिए पूर्व में कई कदम उठाए गए हैं। एफपीआई की सीमा को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 फीसदी करना ऋण मार्ग के ज़रिये उच्च गुणवत्ता वाले कर्ज़दारों में अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी को बढ़ाने के लिए एक सकारात्मक पहल है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप के लिए छूट का दावा करने की अवधि को 7 साल से बढ़ाकर 10 साल करना राहत की बात है। स्टार्टअप के लिए ईएसओपी योजनाओं पर कर के स्थगन से इस उद्योग में गुणवत्ता वाले कॉर्पोरेट प्रतिभा को लाने में भी मदद मिलनी चाहिए।

### हॉस्पिटेलिटी उद्योग में मांग बढ़ाने वाला है बजट: ओयो

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉस्पिटेलिटी क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही कंपनी ओयो ने वर्ष 2020-21 के आम बजट को इस उद्योग के लिए बेहतर और मांग बढ़ाने वाला बताया है। कंपनी के भारत और दक्षिण एशिया रिपीट एशिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहित कपूर ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये सोमवार को कहा कि यह देखकर अच्छा लगता है कि बजट में आर्थिक विकास और जीवनशैली में सुधार पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। पर्यटन को बढ़ावा देने तथा 5 पुरा महत्व के स्थलों के विकास एवं संग्रहालय के विकास के लिए 2500 करोड़ रुपये का आवंटन इस बात का संकेत है कि सरकार यात्रा एवं पर्यटन उद्योग पर ध्यान केन्द्रित कर रही है। उन्होंने कहा कि इन पहलों के अलावा, व्यय योग्य आय बढ़ाने, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर, बेहतर कनेक्टिविटी पर ध्यान दिया गया है, डिजिटल प्रोत्साहन से देश में हॉस्पिटेलिटी उद्योग में मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार देश में पूंजी एवं नौकरियों के सृजन में उद्यमियों की भुमिका समझती है।

### बजट में स्टार्टअप के लिए रियायतें मील का पत्थर साबित होंगी: भल्ला

**नई दिल्ली, वार्ता।** वर्ष 2020-21 के आम बजट में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए की गई घोषणाओं का स्वागत करते हुए केसरवाला के संस्थापक दिवाकर भल्ला ने कहा है कि यह स्वरोजगार शुरू करने वालों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। भल्ला ने सोमवार को कहा कि बजट में मोदी सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए बड़ी घोषणा और कई प्रकार की राहत दी है। सौ करोड़ रुपये तक का सालाना कारोबार करने वाले स्टार्ट अप के लिए 2020..21 के बजट में कर रियायतें बढ़ा दी गयी हैं।

**लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड**
(**सीआईएन** : एल24117आरजे1979पीएलसी002099)
**पंजी. कार्यालय** : एसपी-460, मत्स्य औद्योगिक क्षेत्र, अलवर-301030 (राजस्थान)
**कार्पोरेट कार्यालय** : ए-264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024
**फोन** : 011-46865999, 41627937, **फैक्स** : 011-46865930
**वेबसाइट** : www.lordschloro.com; **ई-मेल** : contact@lordschloro.com

**सूचना**

एतद्द्वारा सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के विनियम 47 के साथ पठित विनियम 29 के अनुसरण में सूचना दी जाती है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की एक बैठक **बुधवार, 12 फरवरी, 2020 को अप. 5:30 बजे** इसके कार्पोरेट कार्यालय ए 264, प्रथम तल, डिफेंस कालोनी, नई दिल्ली-110024 में, अन्य के साथ, 31 दिसम्बर, 2019 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अलेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार, अनुमोदन, अंगीकरण तथा प्रकाशन हेतु आयोजित की जाएगी।

उक्त सूचना कम्पनी की वेबसाइट नामतः www.lordschloro.com पर तथा स्टॉक एक्सचेन्ज की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

निदेशक मंडल के आदेश द्वारा
वास्ते लॉर्ड्स क्लोरो ऐल्कली लिमिटेड
हस्ता./-
दीपेन्द्र चौधरी
कम्पनी सेक्रेटरी

स्थान : नई दिल्ली
तिथि : 03.02.2020

**सार्वजनिक सूचना**

**दूरसंचार विवाद समाधान एवं अपील अधिकरण (टीडीएसएटी)**
**होटल सम्राट, कौटिल्या मार्ग, नई दिल्ली-110021**
**2019 की प्रसारण याचिका संख्या 358**

**याचिकाकर्ता:** सिटी नेटवर्क्स लिमिटेड

बनाम

**प्रतिवादी:** ए.जी. इंटरनैशनल सी/ओ श्री. सुरेश कुमार, पता: 2/67, विद्याधर नगर, जयपुर-302039, राजस्थान

जहां उपरोक्त अधिसूचित याचिकाकर्ता को वर्तमान याचिका में आपके खिलाफ स्थापित किया गया है और जहां अधिकरण ने यह समझा है कि आपको सामान्य तरीके से इस नोटिस को भेजा जाना संभव नहीं है, इसलिए यह नोटिस दिनांक 15.01.2020 को दिए आदेशानुसार विज्ञापन के माध्यम से भेजा जा रहा है, जिसमें आपको 11.02.2020 को अधिकरण के सामने प्रस्तुत होने का निर्देश दिया गया है।

कृपया ध्यान दें कि ऊपर बताए गए दिन को आपकी उपस्थिति आवश्यक है, अगर आप उपस्थित होने में असफल होते हैं, तो याचिका के ऊपर कार्रवाई की जाएगी और आपकी अनुपस्थिति में निर्णय लिया जाएगा।

**उप रजिस्ट्रार**